various specialities for short periods. The Institute authorities are reported to have agreed to the proposal.

**सीमेंट उद्योग के श्रमिकों को बोनस**

4560. **श्री चन्द्र शेखर सिंह** : क्या संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सोन वेली पोर्टलैण्ड सीमेण्ट कम्पनी लि०, जापला (बिहार) ने चूना पत्थर खदान बोलिया के श्रमिकों को अभी तक वर्ष 1974 का बोनस नहीं दिया है ;

(ख) क्या वर्ष 1974 के लिए बोनस के भुगतान से छूट देने के बारे में कम्पनी के प्रबन्धकों द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदन को सरकार ने अभी अस्वीकार नहीं किया है ;

(ग) क्या यह सच है कि 1974 में सीमेण्ट का उत्पादन सीमेण्ट फैक्ट्री की उत्पादन क्षमता से अधिक हुआ था ; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है कि चूना पत्थर खदान बोलिया के श्रमिकों को 1974 के लिए बोनस का भुगतान किया जाये ?

**संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा)** : (क) जी, हां।

(ख) कम्पनी के प्रबन्धकों द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन-पत्र पर विचार किया जा रहा है।

(ग) यह सूचित किया गया है कि जापला स्थित एकक में 1974 में उत्पादन क्षमता के 97 प्रतिशत के बराबर उत्पादन हुआ है।

(घ) कम्पनी के आवेदन-पत्र पर अन्तिम निर्णय लिए जाने के बाद ही कार्यवाही, यदि आवश्यक हो, शुरू की जा सकती है।

**सरकारी क्षेत्र में खनिज की खुदाई**

4561. **श्री सुखदेव सिंह** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या मध्य प्रदेश में सघन चूना पत्थर तथा बाक्साइट वाले क्षेत्र सरकारी क्षेत्र में खुदाई के लिए आरक्षित कर दिये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो कब तक के लिए और उन क्षेत्रों के नाम क्या हैं ;

(ग) क्या वर्तमान निक्षेपों की खुदाई निकट भविष्य में कराने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ; और

(घ) यदि नहीं, तो यह कार्य गैर-सरकारी संस्थानों को न दिये जाने के क्या कारण हैं ?

**इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कड़िया मुन्डा)** : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) मध्य प्रदेश में सतना, जबलपुर, दुर्ग और बिलासपुर जिलों के कुछ चूना-पत्थर इलाकों तथा शाहडोल, बिलासपुर, मांडला, सरगुजा और रायगढ़ जिले तथा बालाघाट जिले की बेहढ तहसील के बौक्साइट इलाकों को सरकारी क्षेत्र के क्रमशः इस्पात और एल्यूमिनियम कारखानों की वर्तमान और भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर आरक्षित कर दिया गया है। मांडला, बिलासपुर और शाहडोल जिलों के बौक्साइट भण्डारों का भारत एल्यूमिनियम कम्पनी लि० द्वारा अपने कोरवा प्रद्रावक में एल्यूमिनियम के उत्पादन के लिए पहले से उपयोग किया जा रहा है। सरगुजा भंडारों पर एक बड़े निर्यात-प्रधान एल्यूमिना कारखाने की स्थापना हेतु एक परियोजना रिपोर्ट रूसी सलाहकारों से तैयार कराई गई थी, किन्तु उपयोगी न पाए जाने के कारण परियोजना को शुरू नहीं किया जा सका। इस जिले में आगामी खोज कार्य जारी है। सतना जिले के कुछ पूर्व-आरक्षित बौक्साइट क्षेत्रों के बारे में राज्य सरकार को सलाह दी गई है कि उन्हें क्षेत्रों को आरक्षण से मुक्त करने में कोई आपत्ति नहीं है। जहां तक चूना पत्थर क्षेत्रों का सम्बन्ध है आरक्षण वर्तमान इस्पात कारखानों की दीर्घकालीन आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर करना होता है। मध्य प्रदेश के कुछ चूना पत्थर क्षेत्रों से भिलाई, राउरकेला और दुर्गापुर इस्पात कारखानों को पहले से ही पूर्ति की जा रही है। आरक्षण के बारे में समय समय पर पुनर्विचार किया जाता है।

(घ) सवाल नहीं उठता।

**Mobile Post Offices**

4562. SHRI SUKHENDRA SINGH: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government have started any mobile post offices in the State of Madhya Pradesh; and

(b) if so, what is the number of such post offices at present functioning in that State district-wise?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) Yes, Sir.

(b) Information is given in attached statement.

**Statement**

*District-wise number of Mobile Post Offices in Madhya Pradesh State.*

| | |
|---|---|
| 1. Balagha | 80 |
| 2. Bhopal | 16 |
| 3. Bilaspur | 39 |
| 4. Betul | 37 |
| 5. Bastar | 184 |
| 6. Bhind | 35 |
| 7. Chhatarpur | 8 |
| 8. Chindwara | 57 |
| 9. Durg. | 65 |
| 10. Datia | 18 |
| 11. Dewas | 40 |
| 12. Dhar. | 62 |
| 13. Damch | 41 |
| 14. Guna | 67 |
| 15. Gwalior | 23 |
| 16. Hoshangabad | 67 |
| 17. Indore | 51 |
| 18. Jabalpur | 85 |
| 19. Jhabua | 32 |
| 20. Khandwa | 93 |
| 21. Khargone | 78 |
| 22. Mandla | 72 |
| 23. Morena | 45 |
| 24. Mandsaur | 71 |
| 25. Narsinghpur | 59 |
| 26. Panna | 4 |
| 27. Raigarh | 46 |
| 28. Raipur | 119 |
| 29. Ratlam | 38 |
| 30. Rewa | 24 |
| 31. Rajgarh | 50 |
| 32. Raisen | 39 |
| 33. Seoni | 101 |
| 34. Shivpuri | 84 |
| 35. Sarguja | 28 |
| 36. Satna | 26 |
| 37. Sagar | 70 |
| 38. Sehore | 48 |
| 39. Shahdol | 22 |
| 40. Sidhi | 14 |
| 41. Shajapur | 65 |
| 42. Tikamgarh | 11 |
| 43. Ujjain | 47 |
| 44. Vidisha | 1 |
| 45. Rajnandgaon | 25 |
| | 2287 |

**Allowances Admissible to Employees of Embassies' Abroad**

4563. SHRI JYOTIRMOY BOSU: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) details of the allowances admissible to the Government of India employees working in missions abroad;

(b) whether Government are considering to reduce expenditure under this head;

(c) if so, the salient features thereof; and

(d) if not, the reasons therefor?